nt>

Title: Increasing number of death due to non-implementation of programmes for controlling Malaria, Kalazar and T.B. in Jharkhand.

श्री हेमलाल मुर्मू (राजमहल) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान खास तौर से झारखंड प्रदेश में मलेरिया, कालाजार और यक्षमा कार्यक्रम की विफलता की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। झारखंड में मलेरिया निदेशालय का गठन नहीं हुआ, जिसके कारण वहां डी.डी.टी. का छिड़काव नहीं हो पा रहा है। डी.डी.टी. का छिड़काव करने वाले कर्मचारियों को भुगतान के लिए राज्य सरकार पैसा उपलब्ध नहीं कर रही है। इस कारण दुमका, गोड्डा, साहेबगंज और पाकुड़ इन चार जिलों में प्रति माह कम से कम एक हजार लोगों को मृत्यु हो रही है। चूंकि यह जंगल और पहाड़ी इलाका है, इसलिए वहां किसी तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं। वहां कीटरोधी दवा की उपलब्धता नहीं है तथा मलेरिया की दवा वहां के अस्पतालों में उपलब्ध नहीं है। इस कारण आज वहां बहुत भयावह स्थिति है। माननीय प्रधान मंत्री जी से हम लोगों ने आग्रह किया था, उसके बाद वहां एक केन्द्रीय टीम भेजी गई थी। उस टीम ने कहा कि जितनी शिकायत की गई, उससे कहीं ज्यादा वहां पर बीमारी फैली हुई है। लेकिन फिर भी आज तक कुछ नहीं हुआ। इसलिए हम चाहेंगे की वहां के लोगों को बचाने के लिए केन्द्र सरकार की तरफ से तुरंत कुछ व्यवस्था की जाए। अन्यथा वहां ब्रेन मलेरिया इस कदर फैला हुआ है, जिसके कारण लोग लगातार मरते जा रहे हैं।

MR. SPEAKER: It is a very good issue.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Any hon. Member who has already raised the issue this week will not be called unless there is sufficient time.

...(*Interruptions*)